C-37(37)
25.03.19

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश: शाहदरा, कड़कड़डूमा, दिल्ली

विषयः जिला न्यायालय, शाहदरा जिला में राजभाषा हिन्दी की विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन।

परिपत्र

आप सभी को सहर्ष सूचित किया जाता है कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश (शाहदरा) से प्राप्त अनुमति के अनुपालन में शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय परिसर, में हिन्दी की निम्नलिखित दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिनके नाम क्रमशः हैं:-

क्रम	प्रतियोगिता का नाम	स्थान	तारीख व समय
1.	स्वरचित रचना (कविता, कहानी लेख, यात्रा वृत्तांत आदि)	राजभाषा हिन्दी अनुभाग, पोटा केबिन, तृतीय तल, शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली	दिनांक 26 मार्च 2019 समयः- सांय 04.00 बजे।
2.	हिन्दी टंकण प्रतियोगिता (लिखित)	कंप्यूटर प्रशिक्षण कक्ष, तृतीय तल, शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली	दिनांक 27 मार्च 2019 समयः- सांय 04.00 बजे।

हिन्दी टंकण प्रतियोगिता (लिखित) में सहभागिता करने वाले कर्मचारियों की सूची व प्रतियोगिता का समय दिनांक 26 मार्च 2019 को दोपहर 02.00 बजे सूचना पट्ट तथा LAYERS पर प्रदर्शित कर दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी कर्मचारी निर्धारित तारीख, समय व स्थान पर प्रतियोगिता शुरु होने से 15 मिनट पहले पहुँचे।

स्वरचित रचना (कविता, कहानी लेख, यात्रा वृत्तांत आदि) प्रतियोगिता के लिए दिनांक 26.03.2019 रखी है जिसके अंतर्गत प्राप्त गोपनीय लिफाफों को सांय 4.00 बजे नोडल अधिकारी, हिन्दी विभाग के समक्ष खोला जाएगा। लिफाफों को नोडल अधिकारी हिन्दी विभाग को प्रेषित करने की अंतिम तिथि 25.03.2019 सांय 4.00 बजे होगी।

विधि

(विधि गुप्ता आनन्द)
महानगर दंडाधिकारी/ नोडल अधिकारी
राजभाषा हिन्दी अनुभाग, जिला शाहदरा, कड़कड़डूमा, दिल्ली

परिपत्र की प्रति सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाती है:-

संख्या 2030-2078 हिन्दी/शाह./दिल्ली/2019 दिनांक 23/03/19

1. निजी सचिव, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।
2. समस्त न्यायिक अधिकारी, शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को सूचित करें।
3. प्रशासनिक अधिकारी, केन्द्रीय हिन्दी कार्यान्वयन समिति, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली।
4. प्रशासनिक अधिकारी, हिन्दी अनुभाग, पूर्व एवं उत्तर-पूर्व जिला, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।
5. शाहदरा जिले की समस्त शाखाओं/अनुभागों के प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक)/शाखा प्रभारी को अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों को सूचित करने हेतु।
6. वेबसाइट समिति, कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।
7. प्राप्ति एवं निर्गमन शाखा, शाहदरा को LAYERS में अपलोड करने हेतु।
8. संबंधित फाइल।
9. रीडर, नोडल अधिकारी राजभाषा हिन्दी अनुभाग, जिला शाहदरा, कड़कड़डूमा, दिल्ली।

गीता मनोचा 23/03/19

प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक)
राजभाषा हिन्दी अनुभाग, जिला शाहदरा, कड़कड़डूमा, दिल्ली